सार-समाचार

सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

डूंगरपुर, (निसं)। जिले के आसपुर थाना क्षेत्र के खोती गांव के पास 13 नवंबर को देर शाम दो बाइक आमने-सामने टकरा गई थी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई थीए जबकि दोनों बाइक सवार 3 युवक घायल हो गए थे। घायलों को आसपुर अस्पताल लाया गया। जहां से गंभीर एक घायल को रेफर किया। इलाज के दौरान गुरुवार देर रात युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार लिमडी निवासी सुरेन्द्र पुत्र वेलजी गायरी 13 नवंबर को अपनी बाइक से ससुराल टोकवासा से अपने घर लिमडी जा रहा था। इस दौरान उदयपुर-बांसवाडा स्टेट हाइवे पर खोती के पास एक बाइक पर बैठकर 3 युवक सामने आ रहे थे। इनकी बाइक सामने से आ रही सुरेंद्र की बाइक से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार सुरेन्द्र घायल हो गया था। इसे आसपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद उदयपुर रेफर किया गया था। जहां इलाज के दौरान गुरुवार देर रात मौत हो गई। शुक्रवार सुबह आसपुर मोर्चरी में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को दिया गया। मृतक सुरेंद्र के दो लडकी और 9 माह का एक लडका है। सुरेद्र गुजरात में होटल में नौकरी कर अपना गुजारा करता था। अब घर में कमाने वाला कोई नहीं है। जिससे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। दूसरी बाइक पर सवार झोथरी निवासी सुनील पुत्र मरता कोटेड निवासी झौंथरी की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि उसके दो साथी बादल पिता सूरजमल रोत निवासी केसरपुरा पंकज पिता धुला निवासी झौंथरी घायल हो गए थे। मौके पर खडे लोगो ने बताया था कि एक बाइक पर सवार तीन युवक जो बाइक पर स्टंट करते हुए दूसरी बाइक से टकरा गए थे।

गुड टच-बैड टच की दी जानकारी

देवगढ़, (निसं)। कॅरियर संस्थान राजसमन्द द्वारा शुक्रवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय वेरावास में मिशन वात्सल्य अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॅरियर संस्थान राजसमन्द के पर्यावरण प्रभारी भूपेन्द्र सिंह परिहार और संस्थान अध्यक्ष पेडवूमन भावना पालीवाल और अध्यापक भरत सिंह राजपूत और रामलखन रहे। प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता पालीवाल ने बच्चो को सबसे पहले समझाया कि गुड टच और बैड टच होता क्या है। यह भी बताया की बड़ों द्वारा पीठ पर थपथपाना, सिर पर हाथ फिराना या फिर हाथ पकड कर रास्ते में चलना गुड टच होता है। वहीं शरीर के प्राइवेट अंगों में हाथ लगाना बैड टच होता है। वर्तमान समय में बच्चों को वर्चुअल टच का ज्ञान भी जरुरी है इसके कारण बच्चे अपने अभिभावकों से और शिक्षा से दूरी बना रहे है। कार्यक्रम में बालक व बालिकाओं के प्रति हो रहे अपराधों जैसे छेड़छाड़, शोषण, उत्पीड़न, बाल अपराध, सोशल मीडिया के माध्यम से उत्पीड़न की जानकारी दी गयी। बच्चों को किसी भी गलत बात पर नो कहना बोलने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों को चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया गया ।दुसरे सत्र में बर्ड हाउस प्रदान कर प्रकृति से जुडाव बताया कार्यक्रम के दुसरे सत्र में सोंन चिड़िया मेरी बिटिया के तहत पर्यावरण प्रभारी भूपेन्द्र सिंह परिहार द्वारा विद्यालय परिवार को बर्ड हाउस प्रदान किये और बच्चो को कहा की जिस प्रकार हमारे रहने के लिए घरो की आवश्यकता होती है उसी प्रकार पक्षी भी अपना घर बनाते है और हमे उनकी मदद करनी चाहिए ।इस अवसर पर रानी राजकुमारी, भगवतीलाल, जगदीश सिंह, पूनम,पूजा, ललिता, ममता, किरण, उम्मेदसिंह, राधा, लोकेश, गोपाल कमलेश सहित कई छात्र छात्राओ की उपस्थिति रहीं।

पवन खोखर ने बढ़ाया देवगढ़ का मान

देवगढ़, (निसं)। देवगढ़ नगर के करणी माता मेला ग्राउंड पर स्थित महाराणा स्टेडियम पर बास्केटबॉल खेल में नियमित अभ्यासरत छात्र पवन खोखर ने राजस्थान बास्केटबॉल टीम में चयनित होकर प्रतियोगिता में भाग लिया और टीम को कांस्य पदक दिलाया है। विस्तृत जानकारी के अनुसार देवगढ़ नगर के लिए बहुत खुशी की बात है कि स्थानीय नगर के महात्मा गाँधी विद्यालय शास्त्री नगर विद्यालय में अध्ययनरत छात्र और महाराणा स्टेडियम देवगढ़ में खेलने वाला पवन खोखर राजस्थान बास्केटबॉल टीम में शामिल रहा और वर्तमान में प्रतियोगिता राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ में आयोजित 68 वी राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान ने दिल्ली को हराकर राजस्थान टीम ने कांस्य पदक जीता है।देवगढ़ के लिए गौरव की बात है की इस वर्ष पवन 14 वर्ष, जानवी 14 वर्ष, ओर गौरी धाभाई 19 वर्ष में राजस्थान टीम से खेल रहे है। यह हमारे नगर के लिए गौरव की बात है।इस नई पौध को देवगढ़ में तैयार करने के लिए इनको मार्गदर्शन दे रहे है पूर्व अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी, जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव दीनदयाल त्रिवेदी, डॉक्टर ललित दादीच, हितेन्द्र सिह खिंची, मनोज त्रिवेदी, हेमसिंह, भगवत सिह चौहान, मधुसूदन, जयनारायण आशिष त्रिवेदी, संजय टेलर, पवन मेवाड़ा, प्रियांशी जोशी सहित सभी सीनियर खिलाडी इन जूनियर खिलाड़ियों को तैयार करने में अपना सहयोग प्रदान कर रहे है। इस उपलब्धि को लेकर नगर वासियों सहित बास्केटबॉल खेलप्रेमी सहित खिलाड़ियों द्वारा शुभकामनायें दी गई।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

डूंगरपुर, (निसं)। दोवडा थाना पुलिस ने नाबालिग से मारपीट कर रेप करने के मामले में आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक को भी जब्त किया है। आरोपी ने नाबालिग के हाथ तोडकर उससे ज्यादती की थी। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया की दोवडा थाना क्षेत्र निवासी एक पीडिता ने 19 नवंबर को थाने पर आकर मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया कि 6 नवम्बर को आरोपी युवक ने फोन करके घर के बाहर बुलाया था। जिस पर घर के बाहर गई तो आरोपी बाइक लेकर घर के बाहर खडा था। आरोपी उसे डरा धमकाकर जबरन बाइक पर बैठाकर एक जंगल में ले गया। जंगल में एक मकान में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। जिस पर उसने विरोध किया, लेकिन आरोपी ने उसके साथ मारपीट की।

12.27 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक गिरफ्तार

डूंगरपुर, (निसं)। कोतवाली थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में बडी कार्यवाही को अंजाम दिया है। पुलिस ने कृषि उपज मंडी के पास ब्राउन शुगर के साथ एक बाइक सवार युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने युवक से1.20 लाख कीमत की 12.27 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

कोतवाली थाने के थानाधिकारी ने बताया कि अवैध नशे की तस्करी की सूचना मिली थी। जिस पर एसआई रमेशचंद्र,हेड कॉनि. लक्ष्मणसिंह, कॉनि. जितेंद्र सिंह, पंकज, रोहित,

- **जब्त ब्राउन शुगर की कीमत करीब एक लाख 20 हजार रुपए है**

उज्जवल, महेंद्र कुमार की टीम ने शहर में कृषि उपज मंडी के पास नाकेबंदी की गई थी। इस दौरान एक बाइक सवार युवक नाकेबंदी को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। जिस पर हेड कानि.लक्ष्मणसिंह के साथ टीम ने भागते हुए युवक को पकडा और उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस ने युवक की जेब से ब्राउन शुगर जब्त की। जिसका वजन करीब 12.27 ग्राम था। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। वहीं बाइक और ब्राउन शुगर को जब्त किया है। थानाधिकारी भगवानलाल ने बताया कि जब्त ब्राउन शुगर की कीमत करीब 1 लाख 20 हजार रुपए है। वहीं पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।



कोतवाली पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ आरोपी को दबोचा।

ए.डी.एम. बुनकर को सौंपा ज्ञापन

राजसमंद, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) जिला शाखा ने जिलाध्यक्ष सतीश आचार्य के नेतृत्व में जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के नाम एडीएम नरेश बुनकर को ज्ञापन सौंपकर जिले में आयोजित की जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं में शिक्षकों की एक पारी में ही ड्यूटी लगाने की मांग की है।

संगठन के जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्रसिंह चारण ने बताया कि विगत समय में कर्मचारी आयोग द्वारा आयोजित की गई परीक्षाओं में कर्मचारियों की एक ही दिन में दोनों पारियों में ड्यूटी लगाई गई। जिससे सुबह साढे छः बजे से शाम साढे छः बजे तक उनको ड्यूटी करनी पडी और आगामी समय में पशु परिचर परीक्षा में भी दो पारियों में ड्यूटी लगाई गई हैं जो अनुचित है। साथ ही मांग की गई कि जयपुर जिला कलक्टर द्वारा एक ही पारी में ड्यूटी लगाने के निर्देश प्रदान किए हैं। उसी तर्ज पर उचित आदेश प्रदान करें, जिससे स्वैच्छिक रूप से दो पारियों में ड्यूटी का विकल्प देते हुए जो अनिच्छुक हों उन कर्मचारियों की एक पारी में ही ड्यूटी लगाई जाए। इस दौरान अधिकारी संपर्क के तहत उन्हें संगठन की विस्तृत जानकारी देकर संगठन के कार्यों का फोल्डर भी भेंट किया। इस दौरान जिला संगठन मंत्री शंकर माली, जिला मंत्री सुजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

काल भैरव अष्ठमी आज

डूंगरपुर, (निसं)। जय अम्बे पद यात्रा मित्र मण्डल के संस्थापक पद्मेश गांधी ने बताया कि काल भैरव अष्ठमी के उपलक्ष्य में 'श्री गंगा भैरवजी" मंदिर नगर परिषद् के सामने मंदिर में भव्य श्रृंगार आंगी की जायेगी। संस्था अध्यक्ष प्रदीप श्रीमाल ने बताया कि संस्था के संस्थापक पद्मेश गांधी के सानिध्य में आज शाम को 6.30 बजे महाआरती एवं महाप्रसाद का आयोजन किया जावेगा।

विद्यार्थियों को कराया पुलिस थानों का भ्रमण

बांसवाड़ा, (निसं)। डॉ नागेन्द्र सिंह विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विक्रम सिंह के निर्देशानुसार विधि विद्यार्थियों के दल ने सिटी पुलिस कोतवाली एवं साइबर पुलिस थाना का शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली तथा साइबर अपराधो से निपटने के तरीकों को जाना।

सिटी पुलिस कोतवाली थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों को आपराधिक घटनाओ के घटित होने से लेकर अंतिम रूप से निस्तारित होने तक के मध्य होने वाली सम्पूर्ण प्रक्रिया से अवगत करवाया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ ओम प्रकाश ने संज्ञेय-असंज्ञेय अपराध के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस की अन्य कार्यवाही से अवगत कराया। विद्यार्थियों ने रेकार्ड रूम, मालखाना व हवालात आदि का भी अवलोकन किया। साइबर पुलिस थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी, हैकिंग, पर्सनल डाटा का दुरूपयोग, बुर्लीग और डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन थ्रेट जैसे साइबर अपराधों तथा इनकी रोकथाम, हेल्पलाइन नंबर एवं ऑनलाइन एप के बारे में जानकारी दी। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान महाविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ दिनेश कुमार तेली, डॉ. अपरा प्रजापत, हिमानी जोशी एवं अपूर्वा जैन आदि मौजूद रहे।

कड़ी सुरक्षा के बीच पूर्ण पारदर्शिता के साथ मतगणना आज

डूंगरपुर, (निसं)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा उप चुनाव 2024 के अन्तर्गत 23 नवम्बर शनिवार को मतगणना स्थल श्री भोगीलाल पण्ड्या राजकीय महा विद्यालय परिसर में मतगणना होगी। चौरासी विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी कपिल कोठारी ने बताया कि कमरा नंबर 56 व 57 में 18 राउंड में मतगणना होगी। मतगणना के लिए 14 टेबल लगाई गई है। सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू होगी।

सुरक्षा घेरे का पहला स्तर मतगणना परिसर के चारों ओर 100 मीटर की परीधि से शुरू होगा, जिसे पैदल यात्री क्षेत्र के रूप में सीमांकित किया गया है। इस परिधि के भीतर किसी भी वाहन को अनुमति नहीं दी जाएगी। ईसीआई के विधिवत जारी प्राधिकार पत्र या संबंधित डीईओ या आरओ द्वारा जारी फोटो आई कार्ड के बिना किसी भी व्यक्ति को सुरक्षा घेरे के प्रथम स्तर से गुजरने की अनुमति नहीं दी जाएगी। वहीं, द्वितीय एवं मध्य घेरा एसबीपी कॉलेज के सागवाडा रोड वाले मुख्यद्वार पर होगा। मतगणना कार्मिकों और मतगणना ड्यूटी में नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी इसी द्वार से प्रवेश करेंगे। वहीं, मतगणना स्थल पर राजनीतिक प्रत्याशियों और काउंटिंग एजेंट्स का प्रवेश वीकेबी गर्ल्स कॉलेज वाले गेट से होगा।

- **मीडिया सेंटर में इलेक्शन ट्रेंड्स टीवी से मिलेंगे नवीनतम रूझान और परिणाम**
- **सामान्य प्रेक्षक ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा**
- **आमजन को मिलेगी पल-पल की अपडेट**

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अंकित कुमार सिंह ने बताया कि मतगणना स्थल पर मीडियाकर्मियों को मतगणना के नवीनतम रूझान एवं परिणाम से अवगत कराने के लिए श्री भोगीलाल पण्ड्या राजकीय महाविद्यालय, डूंगरपुर के कमरा नंबर 33 में मीडिया सेंटर स्थापित किया गया है। यहां बडी एलईडी स्क्रीन पर आयोग की आईटी एप्लिकेशन इलेक्शन ट्रेंड्स टीवी के माध्यम से प्रदर्शित करने की व्यवस्था की गई है, जिससे मीडियाकर्मियों को एक ही स्थान पर मतगणना के नवीनतम रूझान एवं परिणाम उपलब्ध होंगे। मीडिया सेंटर में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी प्राधिकार पत्र से ही प्रवेश मिलेगा। उन्होंने बताया कि लाउडस्पीकर के माध्यम से एसबीपी कॉलेज, वीकेबी कॉलेज परिसर और लक्ष्मण मैदान में श्याम प्रसाद मुखर्जी हॉल में आमजन को मतगणना के परिणामों की जानकारी दी जाएगी। मीडिया सेंटर के दूरभाष नंबर 02964-294672 से भी परिणामों की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

सामान्य प्रेक्षक श्री के. विवेकानंदन ने शुक्रवार को मतगणना स्थल पर पहुंचकर काउंटिंग हॉल, मीडिया सेंटर, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, राजनीतिक प्रत्याशियों व काउंटिंग एजेंट्स की बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, मतगणना कार्मिकों के प्रवेश, पार्किंग और पब्लिक एनाउंसमेंट सिस्टम सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश धाकड, जिला परिषद सीईओ हनुमान सिंह राठौड, मीडिया प्रभारी विपुल शर्मा, पीडब्ल्यूडी एक्सईएन हरिश रोत, एईएन दीपिका पाटीदार, लाइजन ऑफिसर मेहुल कटारा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

सार-समाचार

मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा

बांसवाड़ा, (निसं)। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद् के प्रतिनिधि मंडल ने टीएसपी क्षेत्र उदयपुर संभाग में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग को जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण एवं प्रदेश व देश में जाति आधारित जनगणना की मांग को लेकर प्रशासनिक अधिकारी रफीक के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में टीएसपी क्षेत्र उदयपुर संभाग में अनुसूचित जाति वर्ग को जनसंख्या के अनुपात में राज्य में आरक्षण एवं 16 प्रतिशत आरक्षण यथावत करने, अनुसूचित क्षेत्र की स्थानीय भर्तियो में पदोन्नति एवं प्रदेश में जनजाति वर्ग को जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण की मांग, अनुसूचित क्षेत्र के जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग को राज्य सेवा में पृथक से 6.5 प्रतिशत आरक्षण की मांग की गयी। ज्ञापन में बताया गया कि राज्य में वर्तमान में अनुसूचित जाति वर्ग की जनसंख्या 17.63 है अतरू उस अनुपात में संपूर्ण राजस्थान एवं जनजाति उपयोजना क्षेत्र उदयपुर संभाग में सरकारी एवं अर्धसरकारी नौकरियों में राज्य की जनसंख्या के अनुपात में नियुक्तियां दिलाने, अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण के लिए अनुसूचित जाति कल्याण बोर्ड का गठन करने, टीएसपी क्षेत्र सहित अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया। प्रतिनिधि मंडल में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष कोदर लाल बुनकर, अमरजी भगत संरक्षक, एडवोकेट मणिलाल यादव, प्रदेश महासचिव ऊंकार लाल बुनकर शामिल रहे।

छात्राओं ने आत्मरक्षा के गुर सीखे

राजसमंद, (निसं)। जिला मुख्यालय के समीपवर्ती मोही कस्बे में संचालित पीएम श्री नंदलाल जोशी राउमावि में शुक्रवार को 15 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। प्रधानाचार्य उमेश कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यालय में 8 नवबंर को आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ। शिविर की अध्यक्षता प्राचार्य उमेश कुमार शर्मा ने की। विद्यालय की शारीरिक शिक्षिका अंजना पंचोली ने प्रशिक्षण ले रही छात्राओं को पंच ब्लॉक किक, हैंड मूवमेंट व काता का अभ्यास कराया। इस दौरान लगभग 70 छात्राओं ने इस शिविर में भाग लिया। शिविर का नेतृत्व आशा खटीक एवं कुसुम जिनगर ने किया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी शैलेश कणिक, प्रवीण सेन, उपसरपंच दिग्विजय सिंह भाटी, उप प्राचार्य रोशनलाल रेगर, कृष्ण गोपाल नंदवाना, व्याख्याता ललित रावत, सरिता जोशी, आनंदिता व्यास, राम गोपाल आचार्य, सुरेश कुमार कीर, निवेदिता शर्मा मौजूद थे। पीएमश्री नन्दलाल जोशी राउमावि में चौकसी हरियस प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से 60 सेट टेबल स्टूल भेंट किए गए। शुक्रवार को विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपसरपंच दिग्विजय सिंह भाटी और संस्था प्रधान उमेश शर्मा ने संस्थान का आभार प्रकट किया। संस्थान के सीएसआर हेड डॉ प्रवीण यादव ने बताया कि चौकसी हैरिसन समूह ने पूर्व में भी इस विद्यालय को 25 ट्री गार्ड भेंट कर भौतिक प्रगति में योगदान दिया गया है। भामाशाह प्रेरक और संस्था के स्थानीय प्रतिनिधि शैलेश कणिक ने बताया कि स्थापना के समय से ही समूह लोक कल्याणकारी कार्यों में संलग्न रहा है।

द्वितीय रेण्डमाइजेशन सम्पन्न

डूंगरपुर, (निसं)। विधानसभा उपचुनाव-2024 के तहत निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार मतगणना दल कार्मिकों एवं माइक्रो पर्यवेक्षक का द्वितीय रेण्डमाइजेशन सामान्य प्रेक्षक के. विवेकानंदन की उपस्थिति में शुक्रवार को जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी डूंगरपुर के कार्यालय में आयोजित किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अंकित कुमार सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश धाकड, मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड, रिटर्निंग अधिकारी चौरासी कपिल कोठारी, उपखण्ड अधिकारी डूंगरपुर मुकेश चन्द्र मीणा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। बैठक में विधानसभा उप चुनाव-2024 के तहत निर्वाचन विभाग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर प्रणाली की जानकारी जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी द्वारा प्रदान की गई। तद्नुसार चुनाव आयोग, जयपुर द्वारा अधिकृत सॉफ्टवेयर के माध्यम से द्वितीय रेण्डमाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस प्रक्रिया के अन्तर्गत मतगणना कार्य में नियुक्त कार्मिकों एवं माईक्रो पर्यवेक्षकों का विधानसभा क्षेत्र चौरासी के लिए 2 दल ईटीपीबीएस, पीबी के लिए एवं ईवीएम के लिए 14 सक्रिय दलों का गठन किया गया तथा नियमानुसार आरक्षित दलों का प्रावधान किया गया।

कार्यशाला का आयोजन

राजसमंद, (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में विद्यार्थियों के मोटिवेशन एवं कैरियर गाइडेंस के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य घनश्याम मीना ने बताया कि इस कार्यशाला में इंडिया के नंबर वन माइंड ट्रेनर एवं काउंसलर डॉ मनुकूल ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए जीवन में कुछ बेहतर करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करने की सलाह दी। उन्होंने विद्यार्थियों को ध्यान एकाग्रचित करने के लिए मेडिटेशन करने का तरीका समझाया।

शुचिता और साधना के साथ भजन से ही भगवत्प्राप्ति संभव : राजेन्द्रदास

बांसवाड़ा, (निसं)। श्रीमद्जगद्गुरु द्वाराचार्य श्री अग्रमलूकपीठाधीश्वर संत स्वामी राजेन्द्रदास देवाचार्य महाराज ने शुचिता और साधना मार्ग के अवलम्बन के माध्यम से निरन्तर भजन में रत रहकर जीवन्मुक्ति पाने के लिए दृढ संकल्प से जुटने का आव्हान करते हुए कहा कि भगवत्प्राप्ति ही मनुष्य जीवन का मूल उद्देश्य है।

लालीवाव मठ में आठ दिवसीय विराट धार्मिक महोत्सव के दौरान श्रीमद्भागवत कथा करते हुए विभिन्न स्कंधों में वर्णित कथाओं व उपदेशों की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि साधना की प्रवृत्ति में बढोतरी और सफलता के लिए सत्त्वगुण में वृद्धि महत्त्वपूर्ण है और इसके लिए हरि, गुरु एवं संत के प्रति अगाध श्रृद्धा, आलस्य और प्रमाद में समय गंवाने की मनोवृत्ति का परित्याग तथा आहार शुद्धि को अपनाते हुए तमाम प्रकार के व्यंसनों से मुक्ति जरूरी है। ज्ञान केवल प्रवचन में ही नहीं हो बल्कि जीवन व्यवहार में भी होना चाहिए। कथा समापन के उपरान्त महोत्सव आयोजन समिति अध्यक्ष एड्वोकेट लक्ष्मीकान्त त्रिवेदी परिवार ने भागवतजी की आरती उतारी। संत रघुवीरदास व भारतमाता मन्दिर के महंत रामस्वरूप महाराज ने भी आरती उतारी। आरंभ में लालीवाव पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर महंत हरिओमदास महाराज ने श्रीमद्भागवत पूजन किया तथा अग्रमलूक पीठाधीश्वर को पुष्पहार पहनाया। महोत्सव संयोजक पं. भुवन मुकुन्द पण्ड्या, महायज्ञ यजमानों एवं पोथी यजमानों की ओर से नरेश भट्ट, पुष्पेन्द्रसिंह तंवर, नटवर तेली एवं ने महाराज का अभिनन्दन करते हुए भागवत पर पुष्प अर्पित किये। जनजाति अंचलों में स्थापित धूंणी-धामों और भक्ति आन्दोलन के जरिये धर्म-अध्यात्म और सामाजिक चेतना की अलख जगा रहे जनजाति संत-महंतों ने कथा में शामिल होकर श्रवण किया। आयोजकों की ओर से सभी का स्वागत किया गया।लालीवाव मठ में दिवंगत आत्माओं की मुक्ति के लिए बडी संख्या में यजमान परिवार पूर्वाह्न काल में विभिन्न अनुष्ठानों में भाग लेकर विधि विधान से भागवत पोथी पूजन के उपरान्त पितरों के नाम दुग्ध, दर्भ, तिल इत्यादि से मंत्रों के नाम जलांजलि एवं तर्पण का विधान कर रहे है। आचार्य पं. दिव्यभारत पण्ड्या के आचार्यत्व में यजमान परिवारों द्वारा भागवत पोथी पूजन के उपरान्त श्रीधाम वृन्दावन के भागवताचार्य आचार्य योगेन्द्र मिश्र, पं. बृजबिहारी उपाध्याय एवं पं. भक्तराज ने भागवत पारायण विधान का शुभारंभ किया। इसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए भागवत के विद्वानों द्वारा 108 सस्वर भागवत पारायण श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

श्रीमद्जगद्गुरु द्वाराचार्य श्री अग्रमलूकपीठाधीश्वर संत स्वामी राजेन्द्रदास देवाचार्य महाराज का स्वागत एवं व्यासपीठ का पूजन करते संतजन।

- **भागवत के विद्वानों द्वारा 108 सस्वर भागवत पारायण श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र बना**
- **लालीवाव में सर्वपितृ मोक्ष के लिए अनुष्ठान जारी**

भागवत पारायण में अपने-अपने पितरों के छायाचित्र सम्मुख रखकर उनका स्मरण कर भागवत पोथी का पूजन करते हुए महाविष्णु से इनके मोक्ष की कामना से प्रार्थना का क्रम जारी है। इधर श्रीविद्या महायज्ञ एवं श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के अन्तर्गत महानुष्ठान के आचार्य पं. दिव्यभारत पण्ड्या एवं यज्ञ आचार्य पं. निकुंज मोहन पण्ड्या के आचार्यत्व में श्रीयंत्रों के पूजन, श्रीविद्या मंत्रों से सम्पुटित श्रीसूक्त एवं लक्ष्मीनारायण यज्ञ विधान से यज्ञ में विभिन्न समिधाओं एवं दिव्य द्रव्यों से आहुतियां दी गई।

चौपाल में श्मशान घाट के रास्ते की सफाई की मांग

बडारडा में रात्रि चौपाल में आमजन की समस्या को सुनते एसडीएम बृजेश गुप्ता सहित अन्य अधिकारी।

राजसमंद, (निसं)। जिला मुख्यालय के समीपवर्ती ग्राम पंचायत बडारडा में उपखंड स्तरीय रात्रि चौपाल का आयोजन एसडीएम बृजेश गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया।

विकास अधिकारी महेश गर्ग ने बताया कि चौपाल में कुल 32 परिवाद प्राप्त हुए। इन परिवादों पर एसडीएम गुप्ता ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ आमने-सामने सुनवाई की व्यवस्था की गई, जिसमें 10 प्रकरणों का मौके पर ही समाधान किया गया। शेष 22 प्रकरणों को सीएम हेल्पलाइन और राजस्थान संपर्क पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज कर संबंधित विभागों को सात दिनों के भीतर निस्तारण के निर्देश दिए गए। चौपाल के दौरान विभिन्न विभागों से जुडे मुद्दे सामने आए। विद्युत विभाग से 3, रसद विभाग (उज्ज्वला कनेक्शन) से 2, पीडब्ल्यूडी से 2, पीएचईडी से 1, पंचायत राज विभाग से 7 और राजस्व विभाग से 7 परिवाद दर्ज हुए। सभी प्रकरणों की सुनवाई में विभागीय अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पीईईओ बडारडा ने चौपाल में जानकारी दी कि ग्राम के विद्यालयों और आंगनवाडियों में पेयजल कनेक्शन की आवश्यकता है। इस पर एसडीएम गुप्ता ने सहायक अभियंता पीएचईडी को निर्देश दिए कि निकटतम लाइन से इन संस्थानों को जल्द से जल्द पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही ग्राम में सफाई व्यवस्था को नियमित बनाए रखने के लिए वीडीओ को पाबंद किया गया। चौपाल में वार्ड पंच कालूलाल कालबेलिया ने श्मशान घाट के रास्ते की सफाई की मांग रखी। इस पर एसडीएम ने तत्काल सफाई कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए। साथ ही समस्त ब्लॉक स्तरीय और पंचायत स्तरीय अधिकारियों और कर्मचारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम ने निर्देश दिया कि हर पात्र व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजनाओं से जोडने के लिए सक्रियता से काम किया जाए।